भारत सरकार

(जनजातीय कार्य मंत्रालय)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †3620

उत्तर देने की तारीख 15.07.2019

विशेषतः कमजोर जनजातीय समूहों का कल्याण

†3620. कुमारी शोभा कारान्दलाजेः

श्री सप्तगिरी उलाकाः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में आज की तिथि के अनुसार 75 विशेषतः कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार विशेषतः कमजोर जनजातीय समूहों का विकास नामक योजना को लागू कर रही है, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के भीतर पीवीटीजी की पहचान की जाती है;

(ग) क्या इस हेतु संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत मांग के आधार पर इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यकलाप/परियोजनाएं हर राज्य के आधार पर भिन्न हैं; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्यों को राज्य-वार स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है;

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(सुश्री रेणुका सिंह सरूता)

(क) तथा (ख) जी, हां | यह मंत्रालय विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के विकास की स्कीम प्रशासित करता है | यह स्कीम 18 राज्यों तथा अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्यक्षेत्र में 75 चिन्हित पीवीटीजी को कवर करती है जिसके ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिये गये हैं | इस स्कीम का लक्ष्य अधिवास स्तर के विकास का दृष्टिकोण अपनाते हुए समुदायों की संस्कृति और विरासत को बनाए रखते हुए व्यापक ढंग से उनके सामाजिक आर्थिक विकास की आयोजना करना है |

(ग) इस स्कीम के तहत शुरू की गई परियोजनाएं मांग आधारित हैं | इस स्कीम के तहत शिक्षा, आवास, भूमि वितरण, भूमि विकास, कृषीय विकास, पशु पालन, संपर्क सड़कों का निर्माण, प्रकाश के उद्देश्य के लिए उर्जा के गैर परंपरागत स्रोतों की स्थापना, सामाजिक सुरक्षा अथवा पीवीटीजी के व्यापक सामाजिक आर्थिक विकास के लिए बने कोई अन्य नवीन कार्यकलाप के क्षेत्र में जनजातीय लोगों के विकास तथा संवेदनशील अंतरों को भरने के लिए उनके प्रस्तावों के आधार पर राज्यों / संघ राज्यक्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है |

(घ) गत तीन वर्षों में इस स्कीम के तहत निधियों की राज्य-वार निर्मुक्ति निम्नानुसार दर्शायी गई है: **(लाख रू. में)**

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम	2016-17	2017-18	2018-19
1	आंध्र प्रदेश	5105.00	2076.00	1837.00
2	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	100.00	200.00	0.00
3	बिहार	342.87	295.91	0.00
4	छत्तीसगढ़	1230.00	1089.50	1051.50
5	गुजरात	779.12	390.67	604.00
6	झारखंड	3120.00	2043.75	3295.79
7	कर्नाटक	136.00	467.00	460.00
8	केरल	100.00	62.00	0.00
9	मध्य प्रदेश	10460.40	8232.46	7998.09
10	महाराष्ट्र	2077.00	1226.25	1230.26
11	मणिपुर	329.00	195.00	1157.55
12	ओडिशा	1379.00	1297.00	3626.00
13	राजस्थान	1331.00	1038.00	1008.00
14	तमिलनाडु	3055.00	1770.75	0.00
15	तेलंगाना	1139.00	778.00	533.00
16	त्रिपुरा	2250.00	2305.00	789.53
17	पश्चिम बंगाल	574.00	330.76	843.42
18	उत्तराखंड	292.48	130.00	565.86
19	उत्तर प्रदेश	0.00	17.96	0.00
	कुल योग	**33799.87**	**23946.01**	**25000.00**

*****

अनुलग्नक

दिनांक 15.07.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3620 के भाग (क) तथा (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की राज्य-वार सूची		
क्र.सं.	**राज्यों के नाम/संघ राज्यक्षेत्र**	**विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के नाम**
1	आंध्र प्रदेश (तेलंगाना सहित)	चेचूं
2		बोडो गडाबा
3		गुटोब गडाबा
4		डोंगरिया खोण्ड
5		कुटिया खोण्ड

6		कोलाम
7		कोंडा रेड्डी
8		कोण्डा सवारा
9		बोण्डो पोरजा
10		खोंड पोरजा
11		पारेंगी पोरोजा
12		थोटी
13	बिहार (झारखंड सहित)	असुर
14		बिरहोर
15		बिरजिया
16		हिल खारिया
17		कोरवा
18		मल पहारिया
19		परहाइया
20		सौरिया पहारिया
21		सावरा
22	गुजरात	कोलघा
23		कथोडी
24		कोतवालिया
25		पधार
26		सिधि
27	कर्नाटक	जेनू कुरूबा
28		कोरागा
29	केरल	चोलानाइकायन
30		कदार
31		कट्टूनायकन
32		कोरागा
33		कुरूम्बा
34	मध्य प्रदेश (छत्तीसगढ़ सहित)	अबुझ मारिया
35		बैगा
36		भारिया
37		बिरहोर
38		हिल कोरबा
39		कमार
40		सहरिया
41	महाराष्ट्र	कटकारिया
42		कोलाम
43		मारिआ गोण्ड
44	मणिपुर	मारम नागा
45	ओडिशा	चुकटिया भुंजिया
46		बिरहोर
47		बोंडो
48		डिडाई
49		डोंगरिया खोण्ड
50		जुआंग
51		खारिया
52		कुटिया कोंध
53		लांजिया सौरा
54		लोधा
55		मनकिर्डिया
56		पौडी भूयान
57		साउरा
58	राजस्थान	सहरिया
59	तमिलनाडु	इरूलार

60		कट्टूनायकन
61		कोटा
62		कोरूम्बा
63		पानियान
64		टोडा
65	त्रिपुरा	रियांग
66	उत्तर प्रदेश (उत्तराखंड सहित)	बुकसा
67		राजी
68	पश्चिम बंगाल	बिरहोर
69		लोधा
70		टोटो
71	अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों	ग्रेट अण्डमानीज
72		जारवा
73		ओन्गेज
74		सेंटीनेल
75		शोम पेन

*****